मध्यप्रदेश विधान सभा

फरवरी–मार्च, 2003 सत्र

दैनिक कार्य सूची

शुक्रवार, दिनांक 14 फरवरी, 2003 (माघ 25, 1924)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) श्री नरोत्तम मिश्रा, डॉ. सीतासरन शर्मा, श्री अनूप मिश्रा, सदस्य, भोपाल स्थित यूनियन कार्बाइड परिसर से जहरीला रासायनिक कचरा न हटाये जाने की ओर भोपाल गैस त्रासदी, राहत एवं पुनर्वास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री मुंशीलाल, सदस्य, दमोह जिले के आदिवासी क्षेत्र सिलापरी में खसरे के प्रकोप से कई बच्चों की मौत होने की ओर लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

3. सहकारिता मंत्री का वक्तव्य

डॉ. गोविन्द सिंह, सहकारिता मंत्री, दिनांक 19 अप्रैल, 2002 को पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या 44 (क्रमांक 6995) के उत्तर में संशोधन करने के संबंध में वक्तव्य देंगे.

4. राज्यपाल के अभिभाषण पर श्री नित्य निरंजन खम्परिया, सदस्य, द्वारा दिनांक 10 फरवरी, 2003 को प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा (क्रमशः)

"राज्यपाल ने जो अभिभाषण दिया, उसके लिये मध्यप्रदेश विधान सभा के इस सत्र में समवेत सदस्यगण अत्यन्त कृतज्ञ हैं ".

5. अशासकीय संकल्प

निर्धारित समय

(1) श्री राजेन्द्र भारती (दतिया), सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे :-

50 मि. " सदन का यह मत है कि प्रदेश में कार्यरत कार्यभारित, आकस्मिक एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की मृत्यु उपरांत उनके आश्रितों को शासकीय कर्मचारियों की भांति अनुकंपा नियुक्ति देने का प्रावधान किया जाय".

(2) श्री लालसिंह, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे :-

50 मि. " सदन का यह मत है कि प्रदेश में सहरिया-बेगा प्राधिकरण की तरह सफाई कामगार समाज के उत्थान हेतु सफाई कामगार विकास प्राधिकरण का गठन किया जाय".

(3) श्री बृजेन्द्र सिंह राठौर, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे :-

50 मि. "सदन का यह मत है कि वर्मी कम्पोष्ट खाद के प्रचार प्रसार हेतु कृषि विभाग के माध्यम से कृषकों को विशेष प्रशिक्षण एवं सुविधायें दिलाने हेतु बजट में प्रावधान रखा जाय".

डॉ.ए.के. पयासी
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.

भोपाल :
दिनांक : 13 फरवरी, 2003